F.No. CD-11012/01/2023-Coord.
Government of India
Ministry of Road Transport & Highways
(Coordination Section)
Transport Bhawan, 1, Parliament Street, New Delhi - 110001

---

Dated the 19th April, 2023

**OFFICE MEMORANDUM**

Subject: - Monthly Summary for the Cabinet for the Month of March, 2023.

A copy of the unclassified portion of the Monthly Summary (Both English & Hindi) for the Cabinet, pertaining to the Ministry of Road Transport and Highways for the month of March, 2023 is enclosed herewith for information.

19/4/2023
(A. K. Shrivastava)
Under Secretary to the Govt. of India

Encl. As above

To,

1. All Hon'ble members of the Council of the Ministers, Government of India.
2. Vice Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
3. All Members of NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi. (10 spare copies)
4. Director Cabinet Secretariat , Rashtrapati Bhavan, New Delhi
5. All Secretaries to Government of India
6. Secretary to the President of India, New Delhi
7. Secretary to the Vice President of India, New Delhi
8. Information Officer, PIB , Shastri Bhavan, New Delhi

# Ministry of Road Transport and Highways

**Subject: Monthly Summary for the Cabinet for the month of March, 2023.**

1. **Inauguration and Foundation Stone Laying of Projects by Hon'ble Prime Minister:** Hon'ble Prime Minister inaugurated and laid foundation stones of the following projects of MoRTH during the month:

1.1 **Bengaluru-Mysuru Expressway and Mysuru-Kushalnagar 4-lane highway:** Hon'ble Prime Minister dedicated 118 km long Bengaluru-Mysuru Expressway to the nation and laid the foundation stone for the 92 km Mysuru-Kushalnagar 4-lane highway in Mandya, Karnataka on 12th March, 2023. Bengaluru-Mysuru Expressway, developed at a cost of Rs.8,480 crore, will reduce the travel time between Bengaluru and Mysuru from three hours to about 75 minutes and is expected to spur socio-economic development in the region. Mysore-Kushalnagar four-lane highway, to be developed at a cost of Rs. 4,130 crore, will boost connectivity between Bengaluru and Kushalnagar.

1.2 **Passenger Ropeway from Varanasi Cantt. Station to Godowlia:** Hon'ble Prime Minister laid the foundation stone of the Passenger Ropeway from Varanasi Cantt. Station to Godowlia to be developed at estimated cost of around Rs. 645 crores on 24th March, 2023. The ropeway system will be about 4 km in length and facilitate ease of movement for the tourists, pilgrims and residents of Varanasi.

2. **Inauguration & Foundation Stone Laying of National Highway Projects by Union Minister for Road Transport and Highways:**

2.1 **9 National Highway projects in Mahoba, Uttar Pradesh:** Hon'ble Union Minister for Road Transport and Highways, Shri Nitin Gadkari inaugurated and laid the foundation stones of 9 National Highway projects worth Rs 3,500 crore in Mahoba, Uttar Pradesh. These projects include construction of Jhansi- Khajuraho road, Kabrai section on the Madhya Pradesh-Uttar Pradesh border, road over bridge between Jhansi-Prayagraj, 4 laning of 258 km Ramvangaman road in Chitrakoot, 15 km long 4-lane bypass, 18 km long 4-lane bypass in Mahoba, 15 km 4-lane long bypass in Artara and 4-laning of 70 km stretch from Prayagraj to Mirzapur (NH-76E).

2.2 **18 National Highway projects in Gorakhpur, Uttar Pradesh:** Hon'ble Union Minister for Road Transport and Highways, Shri Nitin Gadkari inaugurated and laid the foundation stones of 18 National Highway projects worth Rs 10,000 crore in Gorakhpur,

Uttar Pradesh. These projects include 4-laning of Sonauli - Gorakhpur & Gorakhpur Ring Road, road from Kushinagar to Lumbini and construction of Gilola bypass.

2.3 **21 National Highway projects in Ranchi, Jharkhand:** Hon'ble Union Minister for Road Transport and Highways, Shri Nitin Gadkari inaugurated and laid the foundation stones of 21 National Highway projects of length 532 km worth Rs 9400 crore approx. in Ranchi, Jharkhand. The construction of 260 km 4-lane inter-corridor from Ranchi to Varanasi at a cost of 7000 crores will reduce the travelling time from Ranchi to Varanasi to 5 hours.

2.4 **10 National Highway projects in Jamshedpur, Jharkhand:** Hon'ble Union Minister for Road Transport and Highways, Shri Nitin Gadkari inaugurated and laid the foundation stones of 10 National Highway projects of length 220 km worth Rs.3843 crore at Jamshedpur, Jharkhand. These projects include Jharkhand's first 4-lane double-decker elevated road from Kali Mandir to Baliguma on Ranchi-Jamshedpur road at a cost of 1876 crores and Ranchi to Jamshedpur Inter Corridor.

2.5 **3 National Highway projects in Raigad district, Maharashtra:** Hon'ble Union Minister for Road Transport and Highways, Shri Nitin Gadkari inaugurated and laid the foundation stones of 3 National Highway projects worth Rs. 414.68 crore at Palaspe village in Raigad district, Maharashtra. These projects will boost economic dynamism at the two ports of Jawaharlal Nehru Port Authority and Dighi, while concretization of Panvel to Kasu highway will speed up travel and save fuel.

3. **Post-Budget Webinar on 'Infrastructure and Investment - Improving Logistics Efficiency with PM Gati Shakti National Master Plan':** Hon'ble Prime Minister addressed the post-Budget Webinar on 'Infrastructure and Investment - Improving Logistics Efficiency with PM Gati Shakti National Master Plan' organized by Ministry of Road Transport and Highways as the Lead Ministry, in association with DPIIT, Ministry of Commerce and Industry as the Co-Lead Ministry, on 4th March, 2023 at 10.00 AM via Video Conferencing which is a part of the 7 key priorities or 'Saptarishis' of the vision of Government of India viz. Inclusive Development, Reaching the Last Mile, Infrastructure and Investment, Unleashing the Potential, Green Growth, Youth Power and Financial Sector.

4. **Meeting of Hon'ble Minister (RT&H) with Ambassador of Republic of Austria to India:** Hon'ble Union Minister for Road Transport and Highways, Shri Nitin Gadkari met the Austrian Delegation led by Ms. Katharina Wieser, Ambassador of Republic of Austria to India on 2nd March, 2023. In the meeting, views were exchanged on the latest technologies and innovations in the road infrastructure development and green

technologies. Austrian companies were invited to set up their manufacturing plants in India and collaborate in technology transfer to reduce the overall costs of ropeways and cable cars components and equipment manufactured by them.

5. **MoU signed between NHIDCL and CSIR-SERC, Chennai:** National Highways and Infrastructure Development Corporation Ltd. (NHIDCL), a CPSE under the MoRTH signed a Memorandum of Understanding (MoU) with Structural Engineering Research Centre (CSIR-SERC), Chennai on 23.03.2023 for sharing knowledge on innovative ideas and technologies in the field of highway engineering.

6. **First Meeting of India-Russia Working Group on Roads and Intelligent Transport Systems:** The 1st meeting of India-Russia Working Group on Roads and Intelligent Transport Systems, established under the Memorandum of Understanding (MoU) signed between Ministry of Road Transport and Highways (MoRTH) and the Ministry of Transport of the Russian Federation, was held on 28th March 2023 in New Delhi. The deliberations during the meeting showcased the various initiatives taken by both the countries related to intelligent transport systems, green mobility, road safety, technology implementation in the road transport and highways sector.

7. **Amendments in the standard Request for Proposal (RFP) document of HAM and BOT (Toll) mode:**

7.1 **Modification in the Eligibility Criteria for PPP projects-Credit Rating of Bidders "BBB and above"** - A new clause, has been added to incorporate Credit Rating of the Bidder as 'BBB' and above in the Minimum Eligibility Criteria in the Bidding documents for PPP Projects i.e., HAM & BOT (Toll/Annuity).

7.2 **Relaxation in Eligibility Criteria of HAM and BOT (Toll) Projects:** In order to maintain consistency in all the documents under different modes i.e. HAM, EPC, BOT (Toll) etc, the definitions of Highway Sector and Core Sector has been made similar under all the modes if the nature of construction of highways is same. These changes will now enable railway contractors, among others, to participate in bids under HAM and BOT (Toll) mode.

8. **Hybrid Electric vehicles:** MoRTH has issued a draft GSR 180(E) dated 13th March 2023 to define the various categories of Hybrid Electric Vehicles in order to remove a few anomalies in the definition of Hybrid Electric vehicles inviting comments and suggestions from all stakeholders within a period of thirty days.

9. **Real Driving Emission (RDE) Regulations**: There is a gap in the emission performance when the same vehicle is tested in laboratory conditions and in real driving conditions. To reduce this gap, Real Driving Emission (RDE) regulations were introduced in India in line with Europe, vide GSR 889(E) dated 16th Sept 2016, making RDE measurement mandatory during type approval and COP. The said regulations are applicable from 1st April, 2020 for data collection and from 1st April, 2023 for meeting Conformity factor (CF). CF defines the emission limits of the RDE regulations. The Ministry vide GSR 226(E) dated 27th March, 2023 has proposed that the CF may be applicable, in respect of vehicles manufactured on and after 1st April, 2023 for all vehicles on real world driving cycle emission.

10. **Land Acquisition**: A total of 261 Land Acquisition Notifications were issued and compensation of approximately Rs. 352.64 crores were processed through Bhoomi Rashi-PFMS by Land Acquisition Division of this Ministry.

11. **Standing Finance Committee (SFC) Meetings**: In the month of March, 2023, 99 projects of length 3197.85 KMs and total capital cost of Rs. 85,033.50 crores were appraised by SFC and recommended for approval

*****

# सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**विषय:** <u>मंत्रिमंडल के लिए मार्च, 2023 माह का मासिक सारांश।</u>

1. **माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास :** माननीय प्रधानमंत्री ने इस माह के दौरान सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की निम्नलिखित परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया :

1.1 **बेंगलुरु-मैसूरू एक्सप्रेसवे और मैसूरु-कुशलनगर 4-लेन राजमार्ग :** माननीय प्रधानमंत्री ने 12 मार्च, 2023 को 118 किमी लंबे बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे राष्ट्र को समर्पित किया और कर्नाटक के मांड्या में 92 किमी मैसूर-कुशलनगर 4-लेन राजमार्ग की आधारशिला रखी। 8,480 करोड़ रुपये की लागत से विकसित बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे से बेंगलुरु और मैसूरु के बीच की यात्रा का समय तीन घंटे से कम होकर लगभग 75 मिनट हो जाएगा और इससे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। 4,130 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किए जाने वाले मैसूर- कुशलनगर चार-लेन के राजमार्ग से बेंगलुरु और कुशलनगर के बीच की संपर्कता बढ़ेगी।

1.1 **वाराणसी कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक पैसेंजर रोपवे :** माननीय प्रधानमंत्री ने 24 मार्च, 2023 को वाराणसी कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक पैसेंजर रोपवे की आधारशिला रखी, जिसको लगभग 645 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से विकसित किया जाएगा। रोपवे प्रणाली लगभग 4 किमी लंबी होगी और इससे पर्यटकों, तीर्थयात्रियों तथा वाराणसी के निवासियों के लिए आवाजाही सुगम होगी।

2. **केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास :**

2.1 **महोबा, उत्तर प्रदेश में 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं :** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के महोबा में 3,500 करोड़ रुपये लागत की 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में झांसी- खजुराहो सड़क, मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश सीमा पर कबरई खंड, झांसी- प्रयागराज के बीच रोड ओवर ब्रिज, चित्रकूट में 258 किमी रामवनगमन सड़क को 4 लेन का बनाना, 15 किमी लंबा 4-लेन बाईपास, महोबा में 18 किमी लंबा 4-लेन बाइपास, अर्तारा में 15 किमी लंबा 4-लेन बाइपास का निर्माण और प्रयागराज से मिर्जापुर (रारा-76 ई) तक के 70 किमी के खंड को 4-लेन का बनाना शामिल है।

2.2 **गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 18 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं :** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 10,000 करोड़ रुपये लागत की 18 राष्ट्रीय राजमार्ग

परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया । इन परियोजनाओं में सोनौली - गोरखपुर और गोरखपुर रिंग रोड को 4-लेन का बनाना, कुशीनगर से लुंबिनी तक सड़क और गिलोला बाइपास का निर्माण शामिल है।

2.3 **रांची, झारखंड में 21 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं :** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने रांची, झारखंड में लगभग 9400 करोड़ रुपये की लागत से 532 किलोमीटर लंबाई की 21 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। 7000 करोड़ रुपए की लागत से रांची से वाराणसी तक 260 किमी में 4-लेन इंटर-कॉरिडोर के निर्माण से रांची से वाराणसी के बीच की यात्रा का समय 5 घंटे कम हो जाएगा ।

2.4 **जमशेदपुर, झारखंड में 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं :** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने झारखंड के जमशेदपुर में 3843 करोड़ रुपए लागत की 220 किलोमीटर लंबी 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में 1876 करोड़ रुपए की लागत से रांची-जमशेदपुर रोड पर काली मंदिर से बालीगुमा तक झारखंड की पहली 4-लेन डबल-डेकर एलिवेटेड रोड और रांची से जमशेदपुर इंटर कॉरिडोर शामिल हैं।

2.5 **महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में 3 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं :** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पलास्पे गांव में 414.68 करोड़ रुपये लागत की 3 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं से जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण और दिघी के दो बंदरगाहों पर आर्थिक गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा और पनवेल से कासू राजमार्ग के कंक्रीटीकरण से यात्रा में तेजी आएगी और ईंधन की बचत होगी।

3. **बजट के बाद 'अवसंरचना और निवेश - पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से लॉजिस्टिक्सि दक्षता में सुधार' पर वेबिनार :** माननीय प्रधानमंत्री ने 4 मार्च, 2023 को सुबह 10.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सह-प्रमुख मंत्रालय के रूप में डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से प्रमुख मंत्रालय के रूप में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा बजट के बाद 'अवसंरचना और निवेश - पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार' पर आयोजित वेबिनार को संबोधित किया, जो भारत सरकार की 7 प्रमुख प्राथमिकताओं या 'सप्तऋषियों' के दृष्टिकोण अर्थात् समावेशी विकास, अंतिम मील तक पहुंचना, अवसंरचना और निवेश, क्षमता को बढ़ाना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र का भाग है।

4. **माननीय मंत्री (सड़क परिवहन और राजमार्ग) की भारत में ऑस्ट्रिया गणराज्य की राजदूत के साथ बैठक :** माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने 2 मार्च, 2023 को भारत में ऑस्ट्रिया गणराज्य की राजदूत सुश्री कैथरीना वीजर के नेतृत्व वाले ऑस्ट्रियाई प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। बैठक में, सड़क अवसंरचना विकास और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों में नवीनतम तकनीकों और नवाचारों पर विचार-विमर्श किया गया। ऑस्ट्रियाई कंपनियों द्वारा निर्मित रोपवेज तथा केबल कार कंपोनेंट्स और उपकरणों की कुल लागत को कम करने के लिए उन्हें भारत में अपने विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया गया था ।

5. **एनएचआईडीसीएल और सीएसआईआर-एसईआरसी, चेन्नई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर:** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), एक सीपीएसई ने राजमार्ग इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवोन्मेषी विचारों और प्रौद्योगिकियों पर ज्ञान साझा करने के लिए संरचनात्मक अभियांत्रिकी अनुसंधान केंद्र (सीएसआईआर-एसईआरसी), चेन्नई के साथ 23.03.2023 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ।

6. **सड़क और कुशल परिवहन प्रणाली पर भारत-रूस कार्यकारी समूह की पहली बैठक:** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) और रूसी संघ के परिवहन मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत गठित भारत-रूस कार्यकारी समूह की सड़क और कुशल परिवहन प्रणाली पर पहली बैठक 28 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान हुए विचार-विमर्श में दोनों देशों द्वारा कुशल परिवहन प्रणाली, हरित गतिशीलता, सड़क सुरक्षा, सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में प्रौद्योगिकी कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलों को प्रदर्शित किया गया।

7. **एचएएम और बीओटी (टोल) मोड के प्रस्ताव (आरएफपी) दस्तावेज के लिए मानक अनुरोध में संशोधन:**

7.1 **पीपीपी परियोजनाओं के लिए पात्रता मानदंड में संशोधन - "बीबीबी और उससे ऊपर" के बोलीदाताओं की क्रेडिट रेटिंग** - पीपीपी परियोजनाओं अर्थात् एचएएम और बीओटी (टोल/वार्षिकी) के लिए बोली दस्तावेजों में न्यूनतम पात्रता मानदंड में 'बीबीबी' और उससे ऊपर के रूप में बोली लगाने वालों की क्रेडिट रेटिंग को अंत:स्थापित करने के लिए एक नया खंड जोड़ा गया है।

7.2 **एचएएम और बीओटी (टोल) परियोजनाओं की पात्रता मानदंड में छूट :** अगर राजमार्गों के निर्माण की प्रकृति एक समान है, तो विभिन्न मोड अर्थात् एचएएम, ईपीसी, बीओटी (टोल) इत्यादि के तहत सभी दस्तावेजों में संगतता बनाए रखने के लिए सभी के तहत राजमार्ग क्षेत्र और मुख्य क्षेत्र की परिभाषाएं एक

समान की गई हैं। इन परिवर्तनों से अन्य लोगों के साथ-साथ अब रेलवे ठेकेदार भी एचएएम और बीओटी (टोल) मोड के तहत बोलियों में भाग लेने में सक्षम होंगे ।

8. **हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन** : सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की परिभाषा में कुछ विसंगतियों को दूर करने के लिए हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की विभिन्न श्रेणियों को परिभाषित करने के लिए मसौदा साकानि 180 (अ), 13 मार्च, 2023 जारी किया है, जिसमें तीस दिनों की अवधि के भीतर सभी हितधारकों से टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

9. **वास्तविक ड्राइविंग उत्सर्जन (आरडीई) विनियम** : जब एक ही वाहन का प्रयोगशाला स्थितियों में और वास्तविक ड्राइविंग परिस्थितियों में परीक्षण किया जाता है तो उत्सर्जन में अंतर होता है। इस अंतर को कम करने के लिए, साकानि 889 (अ), दिनांक 16 सितंबर, 2016 के माध्यम से यूरोप के समान ही भारत में भी वास्तविक ड्राइविंग उत्सर्जन (आरडीई) विनियम शुरू किया गया था, जिसके तहत टाइप अनुमोदन और सीओपी के दौरान आरडीई माप अनिवार्य किया गया। उक्त विनियम डेटा संग्रहण के लिए 1 अप्रैल, 2020 से और अनुरूपता कारक (सीएफ) को पूरा करने के लिए 1 अप्रैल, 2023 से लागू हैं। सीएफ, आरडीई विनियमों की उत्सर्जन सीमा को परिभाषित करता है। मंत्रालय ने साकानि 226(अ), दिनांक 27 मार्च, 2023 के माध्यम से प्रस्ताव दिया है कि 1 अप्रैल, 2023 को और उसके बाद निर्मित वाहनों के संबंध में सभी वाहनों के लिए रियल वर्ल्ड ड्राइविंग साइकिल उत्सर्जन पर सीएफ लागू हो सकता है।

10. **भूमि अधिग्रहण** : कुल 261 भूमि अधिग्रहण अधिसूचनाएं जारी की गईं और इस मंत्रालय के भूमि अधिग्रहण प्रभाग द्वारा भूमि राशि - पीएफएमएस के माध्यम से लगभग 352.64 करोड़ रुपए के भूमि अधिग्रहण मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई।

11. **स्थायी वित समिति (एसएफएस) की बैठकें** : एसएफसी द्वारा मार्च, 2023 के महीने में, 3197.85 किमी लंबाई और 85,033.50 करोड़ रु. की कुल पूंजीगत लागत की 99 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया और उनके अनुमोदन की सिफारिश की गई।

*****